Social Justice Union (Govt. Registered)

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 08 फरवरी 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 132

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बर्फीले तूफान में लापता हुई सेना की पेट्रोलिंग टीम, 7 सैनिकों के बारे में नहीं मिल पर रही कोई जानकारी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय सेना से जुडी बड़ी जानकारी सामने आई है। एक पेट्रोलिंग पार्टी अरुणाचल प्रदेश में आए बर्फीले तूफान के बाद लापता बताई जा रही है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि ये यूनिट 6 फरवरी से मिसिंग है, जिसमें शामिल 7 सैनिकों के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। जब इस टीम से संपर्क स्थापित नहीं हो सका तो फौरन एक एक्सपर्ट टीम क्विक रेस्पॉन्स के लिए मौके पर लगाई गई। उस टीम में शामिल विशेषज्ञ उस लापता टीम की तलाश में जुटे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि तवांग और बोमडिला जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में हर साल बर्फबारी होती है। इस बार तो डारिया हिल में 34 साल बाद बर्फबारी हुई है क्योंकि यहां पिछली बार 1988 में बर्फबारी हुई थी. बीते रविवार को आए तूफान के बाद इन जवानों की तलाश जारी है।

### हिमाचल में सडक़ हादसा: गहरी खाई में गिरी कार, तीन लोगों की मौत, चार घंटे की मशक्कत के बाद निकाले शव

**भावानगर (किन्नौर) (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के वांगतू-काफनू संपर्क मार्ग पर रविवार देर रात भावावैली पठानकोट नाले में आल्टो कार (अप्लाइड फॉर) अनियंत्रित होकर 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। दो मृतकों की पहचान नेपाली मूल के कुंदन उर्फ (लम्मू) (35) चालक, सुनील कुमार (21) के रूप में हुई है। तीसरे मृतक बाबूराम नेगी (32) गांव क्राबा, तहसील निचार, जिला किन्नौर के रहने वाले थे। पुलिस थाना भावानगर के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त कार पूरी तरह से जल गई है। कार में सवार तीन में से दो लोगों के शव भी जले हुए मिले हैं। डीएसपी राजू की अगुवाई में 27 लोगों की टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर करीब चार घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घटनास्थल पर ही मृतकों का पोस्टमार्टम किया। शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। डीएसपी राजू ने कहा कि हादसे के कारणों की अभी जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में लग रहा है कि कार ऊंचाई से सीधी गहरी खाई में जा गिरी, जिसकी वजह से आग लगी होगी।

### खराब मौसम के कारण पीएम मोदी का बिजनौर दौरा रद्द

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में विधान सभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रचार अभियान में शामिल होने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सोमवार को बिजनौर आने का कार्यक्रम खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया। भाजपा के प्रदेश कार्यालय के सूत्रों ने मोदी का बिजनौर दौरा रद्द होने की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री दोपहर 12:30 बजे जन चौपाल सभा को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार मोदी को दिन में 11:30 बजे बिजनौर स्थित वर्द्धमान डिग्री कालेज के मैदान में पहुंच कर जनसभा को संबोधित करना था। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में मौसम साफ नहीं होने के कारण मोदी बिजनौर के लिये रवाना नहीं हो सके। उन्हें सुबह 10:30 बजे दिल्ली स्थित सफदरजंग हवाई अड्डे से बिजनौर के लिये रवाना होना था। उधर बिजनौर स्थित वर्द्धमान डिग्री कालेज के मैदान में मंच पर मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के बिजनौर नहीं पहुंच पाने के कारण लगभग 12:15 बजे जनसभा को संबोधित करना प्रारंभ कर दिया।

### सिरसा डेरा प्रमुख बाबा राम रहीम को 21 दिन की 'फर्लो'

**रोहतक (आरएनएस)।** सुनारिया जेल में बंद गुरमीत राम रहीम को हरियाणा सरकार ने 21 दिन की फरलो दे दी है। फिलहाल राम रहीम सिरसा डेरे पर पुलिस की निगरानी में रहेंगे। इसके चलते सोमवार को जेल के आसपास पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी गई। इससे पहले राम रहीम को अलग-अलग कारणों के चलते पैरोल तो मिली मगर फरलो पहली बार मिली है। वह भी 21 दिन की। राम रहीम को फरलो देने को लेकर कई चीजों से जोडक़र देखा जा रहा है। उधर, राम रहीम को फरलो की खबर सुनकर सिरसा डेरे में भी अनुयायियों का जुडऩा शुरू हो गया है। पंजाब में चुनाव भी हैं तो राम रहीम के बाहर आने के चलते चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

# फर्बारी के दो दिन बाद भी दुर्गम क्षेत्रों में जनजीवन बेपटरी, 342 सड़कें प्रभावित, बहाली का काम जारी



**शिमला(आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के कई भागों में भारी बर्फबारी-बारिश के दो दिन बाद भी जनजीवन बेपटरी है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार सोमवार सुबह 10 बजे तक प्रदेश में तीन नेशनल हाईवे व एक स्टेट हाईवे समेत 342 सडक़ें यातायात के लिए बंद थीं। इसके अलावा 100 से ज्यादा ट्रांसफार्मर और 57 पेयजल योजनाएं ठप हैं। लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी सडक़ों की बहाली में जुटे हुए हैं। एनएच-505 लोसर से आगे, एनएच-305 जलोड़ी पास पर, एनएच-3 दारचा से सरचू के अलावा रोहतांग पास पर और स्टेट हाईवे 26 तांदी से थिरोट के बीच यातायात के लिए नहीं खुल पाए हैं।

सबसे ज्यादा सडक़ें शिमला और लाहौल-स्पीति जिले में बंद हैं। वहीं, फिसलन के चलते सुबह 10 बजे से पहले शिमला से कुफरी की ओर पर्यटक वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। दिसंबर से हो रही भारी बर्फबारी के चलते मनाली-लेह मार्ग यातायात के लिए बंद पड़ा है। इस मार्ग पर 8 से 10 फीट तक बर्फ गिरी है, जिसे हटाना आसान नहीं है। इस सर्दी के सीजन की बर्फबारी खत्म होते ही सीमा सुरक्षा संगठन अप्रैल में मनाली-लेह मार्ग को यातायात के लिए बहाल करेगा, जबकि मनाली से केलांग तक मार्ग की बहाली का काम चला है।

सडक़ें बहाल करने के लिए सरकार ने लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द की हैं। विभाग ने 700 मशीनें जेसीबीए डोजर आदि सडक़ बहाल करने के लिए लगाई हैं, वहीं 18 हजार कर्मचारियों को फील्ड में लगाया है। भारी बर्फबारी के बाद सासे ने पूरे हिमालय क्षेत्र में हिमखंड गिरने की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आठ और नौ फरवरी को कई भागों में बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई है। 11 फरवरी तक मौसम साफ रहने के आसार हैं। वहीं, राजधानी शिमला समेत अन्य भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। इससे तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। लोगों को ठंड से राहत मिली है।

**प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान-** केलांग में न्यूनतम तापमान माइनस 13.2 से बढक़र माइनस 3.6 पहुंच गया है। , कल्पा माइनस 1.0, कुफरी -0.8, मनाली 0.4, डलहौजी 2.6, शिमला 4.0, सुंदरनगर 3.4, भुंतर 3.9, धर्मशाला 7.2, ऊना 5.8, नाहन 9.7, पामलपुर 6.0, सोलन 3.6, कांगड़ा 7.2, मंडी 5.1, बिलासपुर 6.5, हमीरपुर 6.8, चंबा 6.9, जुब्बड़हट्टी 5.6 और पांवटा साहिब में 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**रिकॉर्ड समय में बहाल की विद्युत और पानी की आपूर्ति : जयराम-** वहीं, मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सोमवार को कहा कि इस वर्ष सर्दियों के मौसम में रिकॉर्ड बर्फबारी के बावजूद सरकार ने इससे प्रभावित क्षेत्रों में रिकॉर्ड समय में विद्युत और पानी की आपूर्ति बहाल की है। कहा कि जिलों की सभी प्रमुख सडक़ों को यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है। लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए संपर्क मार्ग खोलने के हरसंभव प्रयास किए गए हैं। सीएम ने कहा कि वाहनों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए बर्फबारी से प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में मशीनरी और लोग तैनात किए गए हैं। पर्यटकों को किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए सुबह के समय बर्फीले क्षेत्रों में अपने वाहन सावधानी से चलाने का परामर्श दिया गया है।

## भारत में स्पुतनिक लाइट के आपात इस्तेमाल को डीसीजीआई ने दी मंजूरी


○ स्वास्थ्य मंत्री ने दी जानकारी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना संक्रमण के बीच वैक्सीन को सबसे ताकतवर हथियार के रूप में देखा जा रहा है। यही कारण है कि सरकार देश के हर नागरिक को वैक्सीन लगवाने पर जोर दे रही है। कोरोना से लड़ाई में भारत को अब एक और वैक्सीन मिल गई है। डीसीजीआई ने भारत में सिंगल-डोज स्पुतनिक लाइट के आपात इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश में अब सिंगल-डोज़ स्पुतनिक लाइट का आपात इस्तेमाल किया जा सकता है। डीसीजीआई की इस मंजूरी के बाद देश की ये 9वीं वैक्सीन हो गई है।

पिछले साल सितंबर में ड्रग कंट्रोलर ऑफ इंडिया ने भारत में रूस की स्पुतनिक लाइट वैक्सीन के तीसरे चरण के ट्रायल के लिए इजाजत दी थी। स्पुतनिक लाइट को ट्रायल की मंजूरी देने के लिए कोरोना पर बनी सब्जेक्ट एक्सपर्ट कमेटी ने सिफारिश की थी। स्पुतनिक लाइट वैक्सीन देने के बाद किसी व्यक्ति में खतरनाक साइड इफेक्ट नहीं देखे गए हैं।

स्पुतनिक-वी और स्पुतनिक लाइट में सबसे बड़ा फर्क डोज का है। स्पुतनिक-वी का टीका दो बार लेना पड़ता है जबकी स्पुतनिक लाइट का एक डोज ही काफी है। हालांकि, दोनों के असर की बात करें तो लैंसेट की एक स्टडी के मुताबिक कोविड-19 वायरस के खिलाफ स्पुतनिक लाइट के मुकाबले स्पुतनिक-वी का टीका ज्यादा कारगर है। दो डोज में दिया जाने वाले स्पुतनिक-वी में दो अलग-अलग वैक्टर का इस्तेमाल किया गया है। कोरोना के खिलाफ स्पुतनिक-वी का प्रभाव करीब 91.6 फीसदी है, जबकि स्पुतनिक लाइट का प्रभाव इस वायरस पर 78.6 से 83.7 फीसदी के बीच है। स्टडी में बताया गया है कि स्पुतनिक लाइट से मरीज के अस्पताल में भर्ती होने का खतरा 87.6 फीसदी तक कम हो जाता है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कार में आग लगने से चार लोगों की जिंदा जलकर मौत



**सुल्तानपुर(आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में रविवार देर रात पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बड़ा हादसा हो गया। जहां एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर आग का गोला बन गई। इस हादसे में कार सवार 4 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। फिलहाल दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि सीएनजी कार थी और लखनऊ की ओर से आ रही थी। फिलहाल मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझा दी है। साथ ही पुलिस मृतकों की शिनाख्त में जुट गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक कार डिवाइडर से टकरा गई। एक्सीडेंट के कारण धमाका हुआ और कार में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कार में बैठे चार लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला और वे जिंदा ही जल गए। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक चारों लोगों की जिंदा जलकर मौत हो चुकी थी। एक मृतक की शिनाख्त हो गई है। वह लखनऊ का रहने वाला था। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी है। बाकी दो मृतकों की शिनाख्त के प्रयास चल रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार सवार मदद के लिए चीखते रहे, लेकिन भयानक आग में कोई भी उन्हें बचाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया।

## चिटफंड कंपनियों पर लगातार कार्रवाई जारी 17,385 निवेशकों को लौटाई गई 11.21 करोड़ रूपए

○ प्रदेश में नक्सली घटनाओं में आई कमी: 1199 माओवादी आत्मसमर्पण कर सामाज के मुख्य धारा से जुड़े

○ गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने की विभागीय काम-काज की समीक्षा

**रायपुर (आरएनएस)।** गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर पटनायक कमेटी अंतर्गत आदिवासियों की रिहाई, चिटफंड कंपनियों के विरूद्ध कार्रवाई, राजनितिक व्यक्तियों के विरूद्ध दर्ज प्रकरणों की वापसी तथा प्रदेश की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। मंत्री साहू ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रसारित करने अपर मुख्य सचिव होम एवं पुलिस महानिदेशक को निर्देशित किया। मंत्री साहू ने बैठक में अनियमित वित्तीय कंपनियों (चिटफंड) के विरूद्ध कार्यवाही की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि चिटफंड कंपनियों पर कार्यवाही कर अब तक 17,385 निवेशकों को लगभग 11 करोड़ 21 लाख रूपए लौटाई गयी है।

बैठक में साहू ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पदस्थ जवानों को दी जाने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पदस्थ जवानों को आवश्यक सामाग्री एवं अन्य सुविधाएं (जैसे-बुलेट प्रूफ जैकेट, मच्छरदानी, स्वच्छ जल) उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में नक्सली घटनाओं में 40 प्रतिशत की कमी आई है। विगत तीन वर्षों में लगभग 1,199 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर सामाज के मुख्य धारा में जुड़ गये है। ''विश्वास विकास सुरक्षा'' सूत्र वाक्य के अंतर्गत नक्सल पुर्नवास नीति का प्रचार-प्रसार एवं नक्सल क्षेत्रों में निर्माणाधीन कार्यों में पर्याप्त सुरक्षा के प्रबंध करने तथा विकास कार्यों के प्रगति हेतु धुर नक्सल क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार नवीन कैम्प स्थापित करने के भी निर्देश दिये गये। प्रदेश में नार्को टेस्ट स्थापित करने तथा पुलिस कर्मियों की आवास सुविधा के विस्तार की कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिये गये।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि बस्तर रेंज के स्थानीय युवाओं के भर्ती के लिए बस्तर फाईटर अंतर्गत 2800 पद, रिक्त उप निरीक्षक संवर्ग के 975 पद एवं महिला नगर सैनिकों की रिक्त पदो के लिए भर्ती की कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर प्रदेश में गांजा-तस्करी सहित अन्य सभी अवैध मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु चेकपोस्ट स्थापित कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। रायपुर जिले के ग्राम गोढ़ी में प्रस्तावित नवीन केन्द्रीय जेल निर्माण के लिए जोर-शोर से कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा विभाग की आय बढ़ाने हेतु नवीन पेट्रोल पंप, ड्राईकेंटीन की संख्या बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## अपहरण कर मांगी फिरौती फिर कर दी छात्र की हत्या

○ रतनपुर इलाके में मिला शव



**बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में देर शाम 17 वर्षीय छात्र की हत्या कर दी हत्या के पूर्व छात्र को अगवा किया गया इसके बाद उसे मौत के घाट उतार दिया दसवीं कक्षा का छात्र था। अपहरणकर्ताओं ने 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। आरोपियों ने हत्या के बाद लडक़े के शव को दफना दिया था। पुलिस ने सोमवार सुबह शव बरामद कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी लडक़े के पिता के परिचित हैं। फिलहाल पुलिस पूछताछ कर रही है। मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, आशिफ मोहम्मद डीपूपारा में रहते हैं और ऑटो डील का काम करते हैं। उनका 17 साल का बेटा रेहान 10वीं कक्षा में पढ़ता था। वह रविवार शाम करीब 6 बजे घर से निकला था। इसके बाद रात तक वापस नहीं आया। परिजन उसकी रात तक तलाश करते रहे। इसी बीच उनके पास अपहरणकर्ताओं का कॉल आया और 50 लाख रुपए फिरौती मांगी। इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद से ही पुलिस रेहान की तलाश में जुटी थी। रतनपुर क्षेत्र से छात्र का शव बरामद कर लिया है।

**तकनीकी साक्ष्य से मिला सुराग-** पुलिस ने जांच के दौरान साइबर सेल की मदद ली। जांच में पता चला कि जिस मोबाइल से कॉल किया गया था। वह बंद मिल रहा था और उसका लोकेशन रतनपुर रोड में था। लिहाजा, पुलिस की एक टीम रतनपुर की ओर रवाना की गई, लेकिन पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद तकनीकी साक्ष्य से पुलिस आशिफ के ही मोहल्ले डीडूपारा पहुंची और उनके पड़ोस में रहने वाले अभिषेक डॉन को पकड़ा।

**परिचित युवक निकला आरोपी-** संदेह के आधार पर पुलिस ने अभिषेक से पूछताछ की तो उसने बताया कि अपने दो दोस्त शीबू खान और रवि के साथ मिलकर रेहान को अगवा किया था। पड़ोस में रहने के कारण परिचय था। ऐसे में लडक़ी से मिलाने का झांसा देकर वह रेहान को अपने साथ ले गए थे। रेहान सबको पहचान गया था, ऐसे में उसे जिंदा नहीं छोड़ सकते थे। गला दबाकर रेहान की हत्या कर दी और फिर शव रतनपुर क्षेत्र के रानीगांव में दफना दिया।

**हत्या करने के बाद मांगी फिरौती-** बताया जा रहा है कि अपहरणकर्ताओं ने छात्र से पहचान होने के कारण पहले उसकी हत्या कर दी। फिर उसके मोबाइल से उसके पापा आशिफ को कॉल कर 50 लाख रुपए फिरौती की मांग करने लगे। वारदात के बाद तीनों आरोपी अपने घर में आकर छिप गए थे। ताकि, पुलिस को उनकी करतूतों की भनक तक न लगे।

## बॉलीवुड अभिनेत्री माही गिल ने राजनीति में रखा कदम, थामा बीजेपी का दामन



**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राजनीति में आए दिन नए चेहरों की एंट्री हो रही है। पहले अभिनेता सोनू सूद ने अपनी बहन मालविका सूद को चुनावी युद्ध के मैदान में उतारने की घोषणा की थी। अब पॉपुलर एक्ट्रेस माही गिल की राजनीति में एंट्री हो गई है। माही गिल ने चंडीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का हाथ थाम लिया है। सूत्रों ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुलदस्ता देकर माही गिल का पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान सीएम खट्टर के अलावा केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और बीजेपी नेता दुष्यंत गौतम भी मौजूद रहे। बता दें कि माही गिल पिछले दो दशकों से हिंदी और पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी हुई हैं। 46 वर्षीय गिल ने 2003 में फिल्म 'हवा' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने 'खुशी मिल गई' और 'सिर्फ पंच दिन' जैसी पंजाबी फिल्मों में भी काम किया।

हालांकि, उनके करियर में महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उन्हें 2008 की देव डी फिल्म में कास्ट किया गया, जो एक हिन्दी रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया था।

# देश में बच्चों और गर्भवती महिलाओं को गंभीर बीमारियों से बचाने मिशन इंद्रधनुष के चौथे चरण का शुभारंभ, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने वर्चुअल माध्यम की शुरुआत




**नईदिल्ली(आरएनएस)।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने वर्चुअल माध्यम के जरिए सोमवार को राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य अधिकारियों की उपस्थिति में गहन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई) 4.0 की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा, भारत विश्व स्तर पर सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम संचालित कर रहा है, जिसमें सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के तहत हम हर साल 3 करोड़ से अधिक गर्भवती महिलाओं और 2.6 करोड़ बच्चों को कवर करते हैं। इस कार्यक्रम में असम के स्वास्थ्य मंत्री केशब महंत और गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रूशिकेश पटेल ने भी वर्चुअल माध्यम के जरिए हिस्सा लिया।

गहन मिशन इंद्रधनुष 4.0 के तीन राउंड (दौर) होंगे और यह देश के 33 राज्यों/केंद्र शासितप्रदेशों के 416 जिलों (आजादी का अमृत महोत्सव के लिए चिन्हित 75 जिलों सहित) में संचालित किया जाएगा। इसके पहले राउंड (फरवरी- अप्रैल 2022) में 11 राज्य आईएमआई 4.0 को संचालित करेंगे। ये राज्य हैं- असम, उत्तराखंड, गुजरात, जम्मू और कश्मीर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा व छत्तीसगढ़। वहीं, अन्य 22 राज्य अप्रैल से मई 2022 तक राउंड संचालित करेंगे। इन राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, बिहार, पुडुचेरी, दिल्ली, पंजाब, गोवा, तमिलनाडु, हरियाणा, तेलंगाना, झारखंड, दादरा और नगर हवेली व दमन और दीव, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, केरल, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश व अंडमान और निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने अग्रिम मोर्चे पर तैनात उन टीकाकरणकर्ताओं की प्रतिबद्धता व समर्पण को सलाम किया, जो कठिन इलाके और मौसम का बहादुरी से संघर्ष यह सुनिश्चित करने के लिए करते हैं कि सुदूर गांव और परिवारों को टीकों के संरक्षण से कवर किया जा सके। उन्होंने आगे कहा, स्वास्थ्यकर्मी राष्ट्र की एक महान सेवा कर रहे हैं। राष्ट्र निर्माण में योगदान को लेकर उनका समर्पण मेरे और दूसरों के लिए एक प्रेरणा है।

डॉ. मांडविया ने इस पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की कि हमारे प्रयासों को नवीनतम राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण में प्रतिबिंबित किया गया है, जिसमें बढ़ी हुई कवरेज को दिखाया गया है। उन्होंने कहा, नवजातों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं को बीमारियों व मृत्यु दर से बचाने के लिए टीके सबसे प्रभावी, सस्ती और सुरक्षित विधियों में से एक हैं। पूर्ण टीकाकरण कवरेज बढ़ाने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री ने कम टीकाकरण कवरेज, उच्च जोखिम वाले और दुर्गम क्षेत्रों में आंशिक व बिना टीकाकरण वाली गर्भवती महिलाओं व बच्चों को कवर करने और उन्हें टीकों के जरिए बचाव योग्य बीमारियों से सुरक्षा प्रदान के लिए दिसंबर, 2014 में मिशन इंद्रधनुष की शुरुआत की थी। मिशन इंद्रधनुष के तहत सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के अंतर्गत सभी टीके राष्ट्रीय टीकाकरण अनुसूची के अनुरूप प्रदान किए जाते हैं। इसके अलावा मिशन इंद्रधनुष को ग्राम स्वराज अभियान (541 जिलों के 16,850 गांवों) और विस्तारित ग्राम स्वराज अभियान (112 आकांक्षी जिलों के 48,929 गांवों) के तहत प्रमुख योजनाओं में से एक के रूप में भी चिह्नित किया गया है।